**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**12.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे**

## मुख्य समाचार

- प्रदेश मंत्रिमंडल ने राजस्व घाटा अनुदान बंद होने के बावजूद विकासात्मक गतिविधियां जारी रखने का दिया आश्वासन।
- राज्य सरकार स्वास्थ्य संस्थानों में एक हजार 6 सौ 17 करोड़ रुपये से स्थापित करेगी नए आधुनिक उपकरण।
- भाजपा ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर अपनी चुनावी गारंटियों से पीछे हटने का लगाया आरोप।
- और  दुबई में अंतर्राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में ऊना ज़िले के एथलीट सुनील कुमार ने हासिल किए दो रजत पदक।

## मंत्रिमंडल

बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान बंद होने का प्रदेश के विकास पर कोई असर नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये अनुदान बंद होने से प्रदेश को झटका लगा है लेकिन राज्य सरकार इससे उबरने के लिए अपने संसाधन सृजित करेगी।

मंत्रिमंडल ने 16 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र के लिए राज्यपाल के अभिभाषण को भी मंजूरी दी है। इसके अलावा एक हजार 6 सौ 17 करोड़ रुपये की जायका परियोजना के तहत स्वास्थ्य संस्थानों में पुरानी मशीनरी के स्थान पर नए आधुनिक उपकरण खरीदने को भी स्वीकृति दी गई है।

बैठक में विभिन्न विभागों में खाली चल रहे एक हजार 66 पदों को भरने का भी निर्णय लिया गया। सीबीएसई के सौ स्कूलों में अलग–अलग विषयों के अध्यापकों के 6 सौ पद भरने को भी मंजूरी मिली है।

## भाजपा

भाजपा की राज्य स्तरीय बैठक आज सुंदरनगर में सांसद व मध्यप्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा की मौजूदगी में हुई। इस बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर व अन्य नेता भी मौजूद रहे। इस दौरान विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने शासन व्यवस्था में पारदर्शिता लाकर भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ने का काम किया है। इस दौरान विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस 10 चुनावी गारंटियों को लेकर सत्ता में आई थी लेकिन आज खुद ही इन गारंटियों से पीछे हट रही है। उन्होंने कहा कि गलत प्राथमिकताओं, बढ़ते खर्च और कमजोर वित्तीय प्रबंधन ने प्रदेश को आर्थिक संकट में डाला है।

## बिंदल

दूसरी ओर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि केंद्रीय बजट व्यापारी वर्ग के लिए राहत देने वाला है। वे आज मंडी ज़िले के नेरचौक में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की राज्य स्तरीय बैठक में बोल रहे थे। बिंदल ने कहा कि बजट में टैक्स और अनुपालन प्रक्रिया को सरल बनाने, फेसलैस असैस्मेंट को मजबूत करने, रिफंड प्रक्रिया को तेज करने और रिटर्न संशोधन की समय सीमा बढ़ाने जैसे कदम व्यापारियों को बड़ी सुविधा प्रदान करेंगे। बैठक में व्यापार प्रकाष्ठ के विस्तार, व्यापारिक वर्ग के बीच सम्पर्क अभियान और बजट प्रावधानों को जमीनी स्तर पर पहुंचाने का भी निर्णय लिया गया।

## भर्ती प्रक्रिया

प्रदेश में पशु मित्रों के चयन के लिए करवाई जा रही शारीरिक परीक्षा को लेकर सोशल मीडिया और कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों को पशुपालन विभाग ने भ्रामक और तथ्यों से परे करार दिया

है। विभाग के एक प्रवक्ता ने स्पष्ट किया है कि चयन प्रक्रिया पशु मित्र नीति 2025 के अनुसार की जा रही है जिसे बीते 14 अगस्त को अधिसूचित किया गया था। उन्होंने बताया कि इस शारीरिक परीक्षा का उद्देश्य ये सुनिश्चित करना है कि चयनित अभ्यर्थी पशु चिकित्सा संस्थानों और पशुपालन फार्मों में अपने कार्य सही ढंग से निभा सकें।

<u>पठानिया</u>

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि चंबा ज़िले के चुवाड़ी जल शक्ति मंडल के तहत विभिन्न परियोजनाओं पर एक सौ 50 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई है। ज़िले के ककीरा में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि वर्तमान में भटियात क्षेत्र में सड़क, पेयजल व सिंचाई, विद्युत व स्वास्थ्य जैसी आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ होने से लोगों के आर्थिक व सामाजिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

<u>अनुराग ठाकुर</u>

सांसद अनुराग ठाकुर ने केंद्रीय बजट को भारत की नारी शक्ति के विकास में महत्वपूर्ण बजट करार दिया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि इस बजट में महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यम, सशक्तिकरण और विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को समर्पित योजनाओं के लिए बजट में एक हजार 14 करोड़ रुपये से अधिक की राशि आबंटित की गई है।

<u>एथलीट</u>

दुबई में चल रही अंतर्राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में ऊना ज़िले के अंब उपमंडल के एथलीट सुनील कुमार ने दो रजत पदक हासिल किए हैं। उन्होंने जैवलिन थ्रो स्पर्धा में 32 दशमलव चार– सात मीटर भाला फैंक कर और शॉटफुट प्रतियोगिता में 8 दशमलव शून्य चार मीटर गोला फैंक कर ये पदक हासिल किए। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने इस उपलब्धि के लिए सुनील कुमार को बधाई दी है। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि विपरित परिस्थितियों के बावजूद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करना सराहनीय है।

<u>सुरेश कश्यप</u>

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि बद्दी– बरोटीवाला –नालागढ़ फोरलेन परियोजना में हो रही देरी से क्षेत्र में उद्योग और आम लोगों पर विपरित असर पड़ रहा है। उन्होंने लोकसभा में इस मुद्दे को उठाया और केंद्र सरकार से इस फोरलेन परियोजना की वास्तविक स्थिति को सार्वजनिक किए जाने की मांग की है। उन्होंने पिंजौर–बद्दी– नालागढ़ फोरलेन परियोजना का कार्य भी जल्द पूरा करवाने की मांग की है।

<u>खेल–कूद</u>

खेल खेलो– नशा छोड़ो की थीम पर नाहन में आज 11 दिवसीय सिरमौर क्रिकेट कप शुरू हुआ। विधायक अजय सोलंकी ने प्रतियोगिता के शुभारम्भ पर खिलाड़ियों और मौजूद लोगों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ जागरूकता संदेश देने के मकसद से आयोजित ये प्रतियोगिता करवाई गई है, जो बेहद सराहनीय प्रयास है।

<u>मुख्य समाचार एक बार फिर</u>

- प्रदेश मंत्रिमंडल ने राजस्व घाटा अनुदान बंद होने के बावजूद विकासात्मक गतिविधियां जारी रखने का दिया आश्वासन।
- राज्य सरकार स्वास्थ्य संस्थानों में एक हजार 6 सौ 17 करोड़ रुपये से स्थापित करेगी नए आधुनिक उपकरण।
- भाजपा ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर अपनी चुनावी गारंटियों से पीछे हटने का लगाया आरोप।
- और दुबई में अंतर्राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में ऊना ज़िले के एथलीट सुनील कुमार ने हासिल किए दो रजत पदक।

———————————————